समाचार

ग्रीष्मकालीन पेयजल संकट निवारण हेतु निगम ने व्यवस्थाएं की सुनिश्चित

(आयुक्त श्री एस.के. दुबे ने आदेश जारी कर क्षेत्रवार अधिकारियों को सौपे दायित्व)

कोरबा 26 अप्रैल 2019 –नगर पालिक निगम कोरबा द्वारा निगम क्षेत्रांतर्गत ग्रीष्मकालीन पेयजल संकट के निवारण तथा समुचित रूप से पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित कराए जाने के मद्देनजर 15 अप्रैल से 30 जून तक विशेष पेयजल संकट निवारण का अभियान विगत वर्षो की भांति इस वर्ष भी चलाया जा रहा है। आयुक्त श्री एस.के. दुबे ने आदेश जारी कर क्षेत्रवार निगम के अधिकारियों को दायित्व सौपे हैं तथा सौपे गए दायित्व का निर्वहन पूर्ण निष्ठा व सजगता के साथ किए जाने के निर्देश दिए हैं।

आयुक्त श्री दुबे ने आदेश जारी कर निगम क्षेत्र के अंतर्गत ग्रीष्मकालीन पेयजल संकट के निवारण हेतु आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के संबंध में सभी कदम उठाने के निर्देश अधिकारियों को देते हुए कहा है कि निगम क्षेत्र के सभी जोनों में ग्रीष्मकालीन पेयजल संकट संबंधी शिकायतों के लिए पृथक से रजिस्टर का संधारण कर हैण्डपंप संबंधी शिकायतों का निराकरण 24 घंटे के अंदर किया जाना सुनिश्चित करें तथा हैण्डपंपों की मरम्मत, बोर की सफाई, नलजल योजना संबंधी शिकायतें, जोन कार्यालयों के माध्यम से प्रतिदिन बुधवारी बाजार स्थित 40एच.पी. पम्प हाउस में उपलब्ध कराई जाए, ताकि जलप्रदाय शाखा द्वारा शिकायतें प्राप्त होने पर शिकायतों का तुरंत निराकरण किया जा सके। उन्होने आदेशित करते हुए कहा है कि हैण्डपंपों का संधारण नियमित रूप से करने के साथ ही भूगर्भीय जल स्त्रोत में कमी होने के कारण राईजर पाईप केन्द्रीय भण्डारगृह से प्राप्त कर हैण्डपंप में लगाने की व्यवस्था संबंधित जोन द्वारा तत्काल की जाए, इस हेतु जोन में उपलब्ध कर्मचारियों के अतिरिक्त प्रत्येक जोन में पांच–पांच श्रमिक बल उपलब्ध कराए गए हैं।

<u>बुधवारी 40 एच.पी. पंपहाउस में नियंत्रण कक्ष स्थापित</u>– ग्रीष्मकालीन पेयजल संकट निवारण के इस अभियान के तहत बुधवारी बाजार स्थित निगम के 40 एच.पी. पंप हाउस में नियंत्रण कक्ष स्थापित किया गया है, इस कक्ष के प्रभारी कार्यपालन अभियंता आर.के.माहेश्वरी मोबाईल नम्बर 97520–94142 एवं उप प्रभारी सहायक अभियंता एच.आर.बघेल मोबाईल नम्बर 97520–94127 बनाए गए हैं। नियमित रूप से की जा रही पेयजल आपूर्ति के संबंध में शिकायतें यथा पाईप लाईनों में लिकेज, गंदे पानी की शिकायत, नलजल योजना में आकस्मिक खराबी आदि के संबंध में जानकारी सीधे नियंत्रण कक्ष में अथवा साकेत भवन स्थित सहायक अभियंता जलप्रदाय कक्ष क्र. 320 में दी जा सकती है।

<u>क्षेत्रवार अधिकारियों को सौपे गए दायित्व</u>– आयुक्त श्री एस.के. दुबे ने आदेश जारी कर इस संबंध में कोरबा क्षेत्र हेतु सहायक अभियंता डी.सी.सोनकर मोबाईल नम्बर 97520–94130, टी.पी.नगर क्षेत्र हेतु सहायक अभियंता प्रकाश चन्द्रा मो.

नम्बर 98271–69132, कोसाबाड़ी क्षेत्र हेतु सहायक अभियंता एन.के. नाथ मो.नं. 77730–07175, बालकोनगर क्षेत्र हेतु सहायक अभियंता योगेश राठौर मो.नं. 87703–13266, दर्री क्षेत्र के लिए सहायक अभियंता व्ही.के. शांडिल्य मो.नं. 97520–94129 तथा बांकीमोंगरा क्षेत्र हेतु सहायक अभियंता ए.पी.शुक्ला मो.नं. 97520–94140 को दायित्व सौपे गए हैं।

आवश्यकतानुसार पानी टैंकरों से होगी जलआपूर्ति– निगम क्षेत्रांतर्गत कोरबा, कोसाबाड़ी, टी.पी.नगर व बालको क्षेत्र के शतप्रतिशत स्थानों में नियमित जलापूर्ति की जा रही है, इस नियमित जलापूर्ति में आकस्मिक व्यवधान उत्पन्न होने पर टैंकर के माध्यम से जलापूर्ति किए जाने के निर्देश संबंधित क्षेत्र के अधिकारियों को दिए गए हैं। वहीं बांकीमोंगरा एवं दर्री क्षेत्रांतर्गत पेयजल प्रभावित क्षेत्रों में टैंकरों के माध्यम से पेयजल उपलब्ध कराया जाएगा, दर्री क्षेत्र हेतु 13 पानी टैंकरों एवं बांकीमोंगरा क्षेत्र हेतु 13 पानी टैंकरों की व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। आयुक्त श्री दुबे ने समस्त संलग्न अधिकारी कर्मचारियों को निर्देशित करते हुए कहा है कि सौपे गए दायित्वों का निर्वहन पूर्ण निष्ठा व सजगता के साथ करें तथा कार्यो में किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए, उन्होने निर्देश दिए है कि कार्य में संलग्न सहायक अभियंता प्रति सप्ताह प्राप्त होने वाली शिकायतों एवं उनके निराकरण के संबंध में की गई कार्यवाही का प्रतिवेदन आयुक्त के समक्ष में प्रस्तुत करेंगे।